Dr. RANJEET KUMAR
Deptt. of History
H.D. Jain college, Ara.

Notes for - M.A. sem - III, CC-13, unit - 4

Topic- **1919 ई० का भारत सरकार अधिनियम** (The Government of India Act of 1919.) :- 1919 ई० के अधिनियम की पृष्ठभूमि:- 1909 ई० के अधिनियम से भारतीय राष्ट्रवादी किंचित मात्र भी संतुष्ट नहीं थे। वे अच्छी तरह समझ गए कि ब्रिटिश सरकार कुछ संवैधानिक अधिकार देकर उन्हें भुलावे में रखना चाहती है। उस समय मुसलमान लोग भी ब्रिटिश सरकार से असंतुष्ट थे। तुर्की के साथ तो इंग्लैंड में शत्रुतापूर्ण नीति अपनाई। इससे भारतीय मुसलमान बहुत ही क्षुब्ध/क्रुद्ध थे। इसके अतिरिक्त भारत के राष्ट्रवादी इस बात से भी प्रभावित हुए कि एशिया तथा अफ्रीका के कुछ भागों में राष्ट्रवादी आंदोलन काफी जोर पकड़ रहा था। यद्यपि ब्रिटिश सरकार हिंदू एवं मुसलमानों के बीच वैमनस्य पैदा करने के लिए बराबर कोशिश करती थी, लेकिन मुसलमानों ने अंग्रेजी सरकार की कुनीति को समझ लिया और राष्ट्रीय भावनाओं से प्रेरित होकर दोनों एक-दूसरे के निकट आए और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आंदोलन करने लगे। इन लोगों का पारस्परिक सौहार्द इतना अधिक बढ़ गया कि 1916 ई० में दोनों के बीच एकसाथ काम करने के उद्देश्य से समझौता हुआ, जिसे लखनऊ समझौता कहा जाता है। दोनों सम्प्रदायों ने साम्प्रदायिक सुधारों की मांग की।

⟶